समाचार विज्ञप्ति

नया मसौदा सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम तैयार

26 अप्रैल 2024 मीडिया पूछताछ

2024 के पतझड़ में प्राथमिक छात्रों और शिक्षकों को नवीनतम K-6 ड्राफ्ट सोशल स्टडीज पाठ्यक्रम और कक्षा में नए संसाधनों से मिलेगा लाभ

अल्बर्टा सरकार शिक्षण के प्रति दिलचस्पी पैदा करने वाला एक ऐसा पाठ्यक्रम तैयार कर रही है जो शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण करेगा और विद्यार्थियों की सफलता को बेहतर बनाएगा। अगस्त 2023 से, अल्बर्टा सरकार माता-पिता, शिक्षकों, शिक्षा भागीदारों और पाठ्यक्रम विशेषज्ञों के साथ मिलकर एक नया मसौदा K-6 सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम तैयार कर रही है जो विश्लेषणात्मक सोच की दक्षता का निर्माण करेगा और छात्रों को सशक्त नागरिक प्रक्रिया में भागीदार बनाने पर केन्द्रित होगा।

"मुझे इस नए K-6 सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम को विकसित करने में किए गए काम पर अत्यंत गर्व है, और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि इस पतझड़ के दौरान कक्षा में यह कैसे कार्यान्वित होता है। मैं स्कूल के अगुवाओं और शिक्षकों के साथ आने वाले समय में सहयोग के साथ कार्य करने की आशा करता हूं क्योंकि हम एक ऐसा व्यापक पाठ्यक्रम बनाने के लिए तत्पर हैं जो छात्रों की विश्लेषणात्मक सोच, समस्याओं को सुलझाने और निर्णय लेने के कौशल का निर्माण करता है, और उन्हें सक्रिय नागरिक बनने में मदद देता है।

डेमेट्रियोस निकोलाइड्स, शिक्षा मंत्री

सामग्री परिवर्तन

पिछले आठ महीनों में अल्बर्टावासियों और शिक्षा भागीदारों के साथ व्यापक रूप से कार्य करने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से अनुसंधान और सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर, अल्बर्टा एजुकेशन ने स्कूल अधिकारियों और शिक्षकों को वैकल्पिक कक्षा शुरू करने के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए एक नवीनतम मसौदा K-6 सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम जारी किया है। मसौदा पाठ्यक्रम सामग्री को निम्न के साथ समायोजित किया गया था:

- उन अवसरों को मजबूत करना जो पूरे पाठ्यक्रम में अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल सहित विश्लेषण विचार कौशल के विकास को प्रोत्साहित करना;
- सक्रिय नागरिकता की अवधारणा से संबंधित कौशल के विकास को बढ़ावा देना;
- विकासात्मक उपयुक्तता और भार पर प्रतिक्रिया को संबोधित करना;
- सीखने में छात्रों को संलग्न करन ा जो कैनेडा और संपूर्ण विश्व में विविधता की समझ को बढ़ावा देना, जिसमें फर्स्ट नेशन्स, मेटिस, इनुइट और फ्रैंकोफोन का इतिहास, योगदान और दृष्टिकोण शामिल हैं; और
- सीखने की प्रगति के माध्यम से शिक्षार्थियों के विकास को प्रतिबिंबित करना जो व्यक्तिगत अनुभवों से समुदायों और उससे परे विस्तारित होते हैं।

कक्षाओं में शुरूआत

अल्बर्टा सरकार इस बात के प्रति लचीला रूख अपना रही है कि स्कूल के अधिकारी वैकल्पिक कक्षाओं की शुरूआत कैसे शुरू करते हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि कौन से ग्रेड कार्यक्रम का हिस्सा हैं और सीखने के परिणामों की कितनी प्रतिक्रियाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम को शुरू करने की प्रक्रिया के दौरान, शिक्षकों को उनकी कक्षाओं में मसौदा पाठ्यक्रम के साथ काम करने के लिए आवश्यक जानकारी और सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, जिनमें शामिल हैं:

- योजना और निर्देश तैयार करने में सहायता के लिए टीचर रिलीज के दिन;
- सीखने और शिक्षण संबंधी संसाधन;
- पेशेवर सीख के अवसर; और
- मसौदा पाठ्यक्रम पर अल्बर्टा एजुकेशन को प्रतिक्रिया प्रदान करने के अवसर, जिसमें यह भी शामिल है कि कक्षाओं में इसका अनुभव कैसे किया गया है।

शिक्षक विस्तारपूर्वक शिक्षण, और शिक्षण संबंधी संसाधनों तथा पेशेवर शिक्षण सहयोग की सुविधा ले सकते हैं जो मसौदा पाठ्यक्रम, विषय-विशिष्ट अवलोकन, त्वरित संदर्भ वीडियो, उदाहरण और तथ्य पत्रक ऑनलाइन के साथ सुमेलित हैं ।

अल्बर्टा एजुकेशन कार्यान्वयन से पहले नए K-6 सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए कक्षा में शुरूआत के बाद सभी प्रतिक्रियाओं पर विचार करेगा। 2024-25 स्कूल वर्ष के दौरान कक्षा में शुरूआत करने के लिए भाग लेने हेतु, स्कूल अधिकारियों को 15 मई तक अपनी रुचि व्यक्त करने के लिए कहा जाएगा।

त्वरित तथ्य

- बजट 2024 के तहत 2024-25 स्कूल वर्ष में पाठ्यक्रम संचालन और कार्यान्वयन के लिए $25 मिलियन की राशि प्रदान की गई है।
- पाठ्यक्रम भागीदारी प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, अल्बर्टा एजुकेशन ने स्टूडेंट लर्निंग पर मंत्रिस्तरीय आदेश और गाइडिंग फ्रेमवर्क फॉर द डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ *किंडरगार्टन टू ग्रेड 12* को अद्यतन करने के लिए प्रतिक्रिया भी एकत्र की।
    - नया मंत्रिस्तरीय आदेश कैरियर शिक्षा, ज्ञान और कौशल विकास, शैक्षिक प्रोग्रामिंग और छात्रों को सक्रिय और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करने पर केंद्रित है।
    - नया *गाइडिंग फ्रेमवर्क* समावेशी भाषा और विविध नजरियों के प्रतिनिधित्व पर केंद्रित है, जिसमें नए पाठ्यक्रम के साथ सुमेलित करने के लिए सामग्री शामिल है और शिक्षाशास्त्र के संदर्भों को हटा दिया गया है।

संबंधित जानकारी

- ड्राफ्ट K-6 सोशल स्टडीज करिक्यूलम
- अपनी बात रखें
- मिनिस्टीरियल ऑर्डर ऑन स्टूडेंट लर्निंग
- *गाइडिंग फ्रेमवर्क फॉर द डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ किंडरगार्टन टू ग्रेड 12*
- शिक्षक संसाधन और पेशेवर सीखने के लिए सहायता

संबंधित समाचार

- सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम का मसौदा: चर्चा में शामिल हों (14 मार्च, 2024)
- नए सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए अल्बर्टावासियों की प्राथमिकताएं (14 दिसंबर, 2023)
- अल्बर्टावासियों से नए सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम के बारे में बात करना (18 सितंबर, 2024)

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

केविन ली

587-785-4366

प्रेस सचिव, अल्बर्टा एजुकेशन